रोल नं० - 1096
नाम - सर्वेश बघेला

DBN

# Pre-Board Examination: 2026

Time 3.00 Hr. **Class-10** MM:70

## Sub : Hindi

नोटः (क) प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है।
(ख) खण्ड 'क' में बहुविकल्पीय तथा खण्ड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
(ग) बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर OMR शीट पर तथा वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका पर दीजिए।

### खण्ड-क

### बहुविकल्पीय प्रश्न

1. प्रेमचन्द का नाटक है- 1
   (a) चन्द्रगुप्त (b) स्कन्दगुप्त
   (c) प्रेम की वेदी (d) ध्रुवस्वामिनी
2. 'चिन्तामणि' नाम नामक निबन्ध किसने लिखा है? 1
   (a) श्यामसुन्दर दास (b) गुलाबराय
   (c) शांतिप्रिय द्विवेदी (d) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
3. प्रसाद का उपन्यास नहीं है- 1
   (a) तितली (b) कंकाल
   (c) इरावती (d) गबन
4. प्रगतिवादी' काव्यधारा के कवि नहीं हैं- 1
   (a) केदारनाथ अग्रवाल (b) नागार्जुन
   (c) जयशंकर प्रसाद (d) शिवमंगल सिंह 'सुमन
5. तूफानों के बीच' रिपोर्ताज के लेखक हैं। 1
   (a) शिवदान सिंह चौहान (b) रांगेय राघव
   (c) विवेकी राय (d) "फणीश्वरनाथ 'रेणु
6. रसराज' के रचयिता हैं- 1
   (a) मतिराम (b) केशवदास
   (c) बिहारीलाल (d) घनानंद
7. निम्नलिखित में से कौनसा कवि रीतिमुक्त काव्यधारा का नहीं है? 1
   (a) घनानंद (b) आलम
   (c) बोधा (d) केशवदास
8. कारवाँ एकांकी के लेखक हैं- 1
   (a) भुवनेश्वर प्रसाद (b) रामकुमार वर्मा
   (c) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' (d) लक्ष्मीनारायण लाल

9. तारसप्तक का संपादन किसने किया? 1

(a) 'भारतभूषण अग्रवाल' ने
(b) महादेवी वर्मा' ने
(c) अज्ञेय' ने
(d) जयशंकर प्रसाद' ने

10. प्रियप्रवास' किसकी रचना है? 1

(a) महादेवी वर्मा की
(b) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की
(c) रामविलास शर्मा की
(d) रामधारी सिंह 'दिनकर' की

11. अपनी तुतली भाषा में, वह सिसक सिसक कर बोली.
जलती थी भूख तृषा की, उसके अंतर में होली।
हा! सही न जानी मुझसे अब, आज भूख की ज्वाला,
कल से ही प्यास लगी है, हो रहा हृदय मतवाला।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौनसा रस है? 1

(a) करुण
(b) हास्य
(c) भयानक
(d) वीर

12. एक राम-घनश्याम हित, चातक तुलसीदास' पंक्ति में कौनसा अलंकार है? 1

(a) उपमा
(b) उत्प्रेक्षा
(c) यमक
(d) रूपक

13. रोला छन्द में कितनी मात्राएँ होती हैं? 1

(a) 11
(b) 24
(c) 15
(d) 12

14. उप' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है- 1

(a) उपकूल
(b) उपनिवेश
(c) उपर्युक्त
(d) उपदेश

15. नीलोत्पल' में कौनसा समास है? 1

(a) बहुव्रीहि
(b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव
(d) कोई नही

16. गेहूं का तत्सम रूप है- 1

(a) गा
(b) गोमल
(c) गोमाता
(d) गोधूम

17. 'त्वया' में विभक्ति और बचन है 1

(a) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन
(b) प्रथमा विभक्ति, द्विवचन
(c) तृतीया विभक्ति, एकवचन
(d) पञ्चमी विभक्ति, बहुवचन

18. रचना के आधार पर बाक्य का भेद नहीं है- 1

(a) प्रश्नवाचक वाक्य
(b) सरल वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य
(d) मिश्र वाक्य

19. राजेश द्वारा मधुर गीत गाया गया' वाक्य में कौनसा वाच्य है? 1

(a) कर्तृवाच्य (b) भाववाच्य

(c) करणवाच्य (d) कर्मवाच्य

20. इनमें से 'अविकारी' का चयन कीजिए- 1

(a) संज्ञा (b) क्रियाविशेषण

(c) सर्वनाम (d) क्रिया

## खण्ड 'ख' [ वर्णनात्मक प्रश्न ]

21. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 6

मगर ऐसा न आज तक हुआ है और न आगे होगा। दूसरों को गिराने की कोशिश तो अपने को बढ़ाने की कोशिश नहीं कही जा सकती। एक बात और है कि संसार में कोई भी मनुष्य निन्दा से नहीं गिरता। उसके पतन का कारण सद्गुणों का ह्रास होता है। इसी प्रकार कोई भी मनुष्य दूसरों की निन्दा करने में अपनी उन्नति नहीं कर सकता। उन्नति तो उसकी तभी संभव होगी, जब वह अपने चरित्र को निर्मल बनाए तथा अपने गुणों का विकास करे।

(अ) उपर्युक्त अवतरण के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ब) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) किसी व्यक्ति की उन्नति कब संभव है?

अथवा

ईर्ष्या मनुष्य का चारित्रिक दोष ही नहीं है, प्रत्युत इससे मनुष्य के आनन्द में भी बाधा पड़ती है। जब भी मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या का उदय होता है, सामने का सूर्य उसे मद्धिम सा दीखने लगता है। पक्षियों के गीत में जादू नहीं रह जाता और फूल तो ऐसे हो जाते हैं, मानो वे देखने योग्य ही न हों।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या उत्पन्न होने पर क्या होता है?

2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3×2=6

मेरी भव-बाधा हरी, राधा नारि सोइ।<br>
जा तन की झाँई परै, स्यामुहग्नि-दुति होइ ।।<br>
सोहत ओढ़े पीतु पटु, स्याम सलोने गात।<br>
मनौ नीलमनि-सैल पर, आतपु परयो प्रभात ।।

(अ) प्रस्तुत की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) कवि किससे अपनी भव-बाधा दूर करने की प्रार्थना कर रहा है?

अथवा

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,<br>
मृत्यु है एक विश्राम स्थल

जीव जहाँ से फिर चलता है,
धारण कर नवजीवन संबल
मृत्यु एक सरिता है, जिसमें
श्रम से कातर जीव नहाकर
फिर नूतन धारण करता है,
काया-रूपी वस्त्र बहाकर

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक एवं कवि के नाम लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) उपर्युक्त पंक्तियों में किस रस की प्रधानता है?

3. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 2+3=5

अस्माकं संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते। मानवजीवनं संस्कर्तुम् एषा यथासमयं नवां नवां विचारधारां स्वीकरोति, नवां शक्तिं च प्राप्नोति। अत्र दुराग्रह नास्ति, यत् युक्तियुक्तं कल्याणकारि च तदत्र सहर्षं गृहीतं भवति। एतस्याः गतिशीलतायाः रहस्यं मानव जीवनस्य शाश्वतमूल्येषु निहितम्, तद् यथा सत्यस्य प्रतिष्ठा, सर्वभूतेषु समभावः विचारेषु औदार्यम्, आचारे दृढ़ता चेति।

अथवा

इयं नगरी विविधधर्माणां संगमस्थली। महात्मा बुद्धः, तीर्थङ्करः, पार्श्वनाथः, शङ्कराचार्यः, कबीरः, गोस्वाम तुलसीदासः अन्ये च बहवः महात्मानः अत्रागत्य स्वीयान् विचारान् प्रासारयन्। न केवल दर्शने, साहित्ये, धर्मे अपितु कलाक्षेत्रेऽपि इयं नगरी विविधानां कलानां, शिल्पानाञ्च कृते लोके विश्रुता। अत्रत्याः कौशेयशाटिका देशे-देशे सर्वत्र स्पृह्यन्ते।

4. निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 5

माता गुरुतरा भूमेः खात पितोच्चतरस्तथा।
मनः शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात्॥

**अथवा**

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्ग जित्वा वा मोक्ष्यसे महीम्।
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः॥

5. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए:

(क) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।
(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) (i) 'ज्योति जवाहर' की कथावस्तु की विशेषताएँ लिखिए।
(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य में नायक पर किन प्रमुख चरित्रों का प्रभाव पड़ा है?

(ग) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग का सारांश लिखिए।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाष चन्द्र के संघर्षों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'समारम्भ' सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(छ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के षष्ठ सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ज) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' के सुमित्रा का चरित्र चित्रण कीजिए।

(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के रावण का आदेश सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर राम का चरित्र चित्रण कीजिए।

6 (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना क उल्लेख कीजिए: 3+2=5

(i) भगवतशरण उपाध्याय

(ii) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(iii) रामधारी सिंह 'दिनकर'।

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए: 3+2=5

(i) गोस्वामी तुलसीदास

(ii) राम नरेश त्रिपाठी

(iii) श्याम नारायण पाण्डे।

7. अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो। 2

8 अपने निवास स्थान में मोहल्ले की समुचित साफ सफाई के लिए उपयुक्त पदाधिकारी को पत्र लिखिए। 4

अथवा

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शुल्क माफी के लिए एक आवेदन पत्र लिखिए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। 1+1=2

(i) भारतीय संस्कृतेः का विशेषता अस्ति?

(ii) मरणं मङ्गलम् कुत्र भवति?

(iii) अलक्षेन्द्रः सेनापतिं किम् आदिशत्?

(iv) असन्तोषेण का वर्धते?

10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए: 7

(i) जल संरक्षण

(ii) मेरी प्रिय पुस्तक

(iii) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या और समाधान

(iv) स्वच्छ भारत अभियान।